p;  Need to construct a boundary wall around Velavadar National Park in Bhavnagar Parliamentary Constituency, Gujarat to restrict the movement of Blackbucks often straying into agricultural fields and causing damage to crops.

**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर)** : मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर (गुजरात) में सौराष्ट्र के भाल क्षेत्र में वेलावदर राष्ट्रीय पार्क वर्ष 1976 से अवस्थित है जो लगभग 42 किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। इस राष्ट्रीय पार्क में हज़ारों की संख्या में काले हिरण पाए जाते हैं। इस पार्क के चारों तरफ कोई बाउण्ड्री वॉल नहीं है जिसके कारण हिरण आस-पास के कृषि क्षेत्र में विचरण करते हैं और खड़ी फसलों को हानि पहुंचाते हैं। इस राष्ट्रीय पार्क को पर्यटन स्थल भी बनाया जा सकता है लेकिन जीर्णोद्धार व सुविधाओं के अभाव में यह केवल जंगल बनकर रह गया है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वेलावदर राष्ट्रीय पार्क के चारों ओर बाउण्ड्री वॉल करायी जाए ताकि किसानों की फसलों को बचाया जा सके तथा इसका जीर्णोद्धार कर इसे राष्ट्रीय पर्यटन स्थल बनाया जा सके।